**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 1995**
**गुरुवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## विमान पत्तन सेवा गुणवत्ता रैंकिंग

**1995. श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज तक देश में एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) द्वारा आयोजित विमान पत्तन सेवा गुणवत्ता (एएसक्यू) रैंकिंग में निजी विमान पत्तनों सहित विमान पत्तनों का प्रदर्शन कैसा रहा है;
(ख) निजी तौर पर संचालित और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा संचालित विमान पत्तनों के मध्य इन रैकिंग की तुलना किस प्रकार की जाती है; और
(ग) क्या सरकार ने निजी विमानपत्तन संचालकों के लिए कोई सेवा मानक निर्धारित किए हैं और यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) और (ख): देश में 2024 के दौरान एयरपॉर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) द्वारा आयोजित हवाईअड्डा सेवा गुणवत्ता (एएसक्यू) में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत भागीदारों द्वारा प्रचालित हवाईअड्डों द्वारा अपने-अपने वर्ग में प्राप्त अंक और रैंकिंग का ब्यौरा अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) हवाईअड्डों के कार्य निष्पादन की तुलना पीपीपी के अंतर्गत आने वाले हवाईअड्डों से कैलेंडर वर्ष में प्राप्त औसत अंक के आधार पर की जाती है। वर्ष 2024 के दौरान, 5 अंक के पैमाने पर, एएआई हवाईअड्डों द्वारा प्राप्त औसत अंक 4.81 था और निजी तौर पर प्रचालित हवाईअड्डों ने 4.96 अंक प्राप्त किए।

(ग): राष्ट्रीय नागर विमानन नीति, 2016 के अनुसार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को उन सभी हवाईअड्डों पर 4.5 या उससे अधिक की एएसक्यू रेटिंग बनाए रखना आवश्यक है, जिनका थ्रूपुट 1.5 मिलियन यात्री प्रति वर्ष (एमपीपीए) से अधिक है और शेष के लिए 4.0 या उससे अधिक की एएसक्यू रेटिंग बनाए रखना आवश्यक है। इसके अलावा, सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत एएआई के हवाईअड्डों सहित पीपीपी हवाईअड्डों को अपने संबंधित संविदात्मक समझौतों के अनुसार प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई)/सेवा गुणवत्ता आवश्यकताओं का अनुपालन करना आवश्यक है।

**अनुलग्नक**

**दिनांक 31.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 1995 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

| **एयरपॉर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) द्वारा हवाईअड्डा सेवा गुणवत्ता (एएसक्यू) रेटिंग और वर्ष 2024 के लिए एएआई और पीपीपी हवाईअड्डों की रैंक** | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **हवाईअड्डे का नाम** | **2024** | |
| | | **5 अंक के पैमाने पर रेटिंग** | **विश्व रैंक** |
| **एएआई हवाईअड्डे** | | | |
| 1 | अमृतसर | 4.68 | 85 |
| 2 | भुवनेश्वर | 4.88 | 67 |
| 3 | कालीकट | 4.82 | 76 |
| 4 | चेन्नई | 4.91 | 63 |
| 5 | कोयंबटूर | 4.75 | 81 |
| 6 | गोवा | 4.92 | 62 |
| 7 | इंदौर | 4.82 | 78 |
| 8 | कोलकाता | 4.88 | 68 |
| 9 | पटना | 4.74 | 82 |
| 10 | पुणे | 4.85 | 74 |
| 11 | रायपुर | 4.83 | 75 |
| 12 | श्रीनगर | 4.33 | 146 |
| 13 | त्रिची | 4.89 | 64 |
| 14 | वाराणसी | 4.89 | 66 |
| 15 | चंडीगढ़* | 5.00 | 36 |
| | **एएआई हवाईअड्डों का औसत** | **4.81** | |
| **पीपीपी हवाईअड्डे** | | | |
| 1 | बैंगलोर | 4.97 | 53 |
| 2 | कोचीन | 5.00 | 31 |
| 3 | दिल्ली | 5.00 | 1 |
| 4 | हैदराबाद | 5.00 | 1 |
| 5 | मुंबई | 5.00 | 1 |
| 6 | अहमदाबाद | 4.98 | 52 |
| 7 | लखनऊ | 4.99 | 42 |
| 8 | मंगलौर | 4.96 | 58 |
| 9 | गुवाहाटी | 4.88 | 69 |
| 10 | जयपुर | 4.98 | 51 |
| 11 | तिरुवनंतपुरम | 4.82 | 77 |
| 12 | गोवा (मोपा) | 4.93 | 60 |
| 13 | कन्नूर | 5.00 | 32 |
| | **पीपीपी हवाईअड्डों का औसत** | **4.96** | |

***चंडीगढ़ हवाईअड्डे का प्रचालन सीएचआईएएल द्वारा किया जाता है जो भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की सहायक कंपनी है।**

******